# B–354

## B.Com. (Part–III) Examination, 2023

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper – I श्री जैन (पी.जी. [illegible] बीकानेर

## (Corporate Accounting)

*Time : 3 Hours ]* *[ Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

*Note* :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

*Note* :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

*Note* :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A (खण्ड–अ)

(i) When is internal reconstruction desirable ? Give any two situations.
आन्तरिक पुनर्निर्माण कब वांछनीय है ? कोई दो परिस्थितियाँ बताइए।

(ii) What is External Reconstruction ?
बाह्य पुनर्निर्माण क्या होता है ?

(iii) Ascertain five years annuity factor at 12.5% normal rate of return.
12.5 प्रतिशत सामान्य प्रत्याय दर पर 5 वर्ष के लिए वार्षिकी घटक ज्ञात कीजिए।

(iv) It is given that net assets available to equity shareholders amounted to ₹ 90,000. The share capital is consisting of 10,000 equity shares of ₹ 5 each on which ₹ 2 per share are paid. What is the intrinsic value of an equity share ?
यह दिया गया है कि समता अंशों के लिए उपलब्ध शुद्ध सम्पत्तियाँ ₹ 90,000 हैं। कम्पनी की अंश पूँजी ₹ 5 वाले 10,000 समता अंशों पर प्रदत्त राशि ₹ 2 प्रति अंश है। एक समता अंश का अन्तर्निहित मूल्य क्या है ?

(v) What is Underwriting ?
सुदृढ़ अभिगोपन क्या है ?

(vi) Net profits of a company computed, as per Section 198 of the Companies Act, 2013, are ₹ 15,60,000. What will be the amount of maximum managerial remuneration permissible under Section 197 ?
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 198 के अनुसार एक कम्पनी के परिकलित शुद्ध लाभ ₹ 15,60,000 हैं। धारा 197 के अनुसार प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की अधिकतम राशि क्या होगी ?

(vii) Who are included in 'B' List contributories ?
'बी' सूची धनदाता में कौन-कौन शामिल होते हैं ?

(viii) The assets purchased by a company from a running business were valued at ₹ 5,40,000 and its liabilities were taken at ₹ 1,50,000. The amount of purchase consideration was agreed at ₹ 6,00,000. What is the amount of goodwill ?
एक कम्पनी द्वारा चालू व्यवसाय से क्रय की गई सम्पत्तियों का मूल्य ₹ 5,40,000 तथा लिए गए दायित्व ₹ 1,50,000 के हैं। क्रय प्रतिफल की राशि ₹ 6,00,000 तय की गई है। ख्याति की राशि क्या है ?

(ix) How are pre-acquisition losses of subsidiary company dealt with in the books of holding company ?
सूत्रधारी कम्पनी की पुस्तकों में सहायक कम्पनी के अंश अधिग्रहण से पूर्व की अवधि से सम्बन्धित हानियों के साथ किस प्रकार व्यवहार किया जाता है ?

(x) What is the meaning of Double Account System ?
दोहरा खाता विधि का क्या अर्थ होता है ?

## Section–B (खण्ड–ब)

2. Distinguish between 'Amalgamation in the nature of merger' and 'Amalgamation in the nature of purchase'.
'विलय की प्रकृति के एकीकरण' एवं 'क्रय की प्रकृति के एकीकरण' में अन्तर समझाइए।

3. What do you understand by intrinsic value of shares ? How is it determined ? Explain your answer with illustration.
अंशों के आन्तरिक मूल्य से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे निर्धारित किया जाता है ? अपने उत्तर को उदाहरण सहित समझाइए।

4. From the following information, compute the value of goodwill by using annuity method :
   (i) Average Capital Employed ₹ 4,00,000.
   (ii) Normal Rate of Profit 12%.
   (iii) Profit for the year 2019-20 ₹ 62,000; 2020-21 ₹ 59,000; and 2021-22 ₹ 66,000.
   (iv) Profit for year 2020-21 has been arrived at after writing off abnormal loss of ₹ 2,000 and profit for the year 2021-22 includes a non-recurring income of ₹ 3,000.
   (v) Goodwill is to be valued on the basis of annuity of 3 years purchase of super profit.

निम्न सूचनाओं के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन वार्षिक वृत्ति विधि के आधार पर कीजिए–
   (i) औसत विनियोजित पूँजी ₹ 4,00,000.
   (ii) लाभ की सामान्य दर 12%।
   (iii) लाभ : वर्ष 2019-20 ₹ 62,000; 2020-21 ₹ 59,000 तथा 2021-22 ₹ 66,000।
   (iv) वर्ष 2021-21 के लाभ का परिकलन ₹ 2,000 को असाधारण हानि को अपलिखित करने के बाद किया गया था और वर्ष 2021-22 वर्ष के लाभ में ₹ 3,000 की अनावर्तक आय सम्मिलित है।
   (v) ख्याति का मूल्यांकन अधि-लाभ के तीन वर्षों के क्रय की वार्षिक वृत्ति के आधार पर करना है।

5. Ankit Limited issued 20,000 9% Debentures of ₹ 1,000 each at a premium of 5%. 60% of the issue was underwritten by M/s Prakash & Company at the maximum rate of commission allowed by Rule 13 prescribed under section 40(6) of the Companies Act, 2013. Applications from public were received for 16,000 debentures which were accepted and paid for in full. Give journal entries in the books of the company. Also, show Investment in Debentures Account in the books of underwriter.

अंकित लिमिटेड ने ₹ 1,000 वाले 20,000 9 प्रतिशत ऋणपत्रों का 5 प्रतिशत प्रीमियम पर निर्गमन किया। मैसर्स प्रकाश एण्ड कंपनी ने उक्त निर्गमन के 60 प्रतिशत का अभिगोपन किया तथा उसको अधिकतम दर से कमीशन दिया गया है जो कि नियम 13 धारा 40(6) कम्पनी अधिनियम, 2013 में अधिकृत है। 16,000 ऋणपत्रों के लिए जनता से प्रार्थना-पत्र आये जिनको स्वीकार कर लिया गया तथा जिनका पूरा भुगतान प्राप्त हो गया। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए। अभिगोपक की पुस्तकों में ऋणपत्रों में विनियोग खाता भी दिखाइए।

6. Write short notes on :

(i) Divisible Profit

(ii) Interim Dividend

संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए—

(i) विभाजन योग्य लाभ

(ii) अन्तरिम लाभांश

7. Yash Limited agreed to take over the business of Messrs Ram and Shyam and to collect book debts and pay creditors of the vendors on their behalf. The books of Ram and Shyam showed the book debts at ₹ 50,000 and creditors at ₹ 30,000. The company used the collections from vendor debtors only for payment to the vendor's creditors. At the end of six months the unpaid creditors of vendors stood at ₹ 5,500; vendor creditors had allowed a cash discount of 2% on an average. Of the book debts an amount of ₹ 800 proved to be bad; the cash discount allowed by company to vendor debtors was 5% on an average. What is the balance of the vendor's book debts at the end of six months ?

Pass necessary journal entries in the books of the company to record the above transactions.



यश लिमिटेड मैसर्स राम व श्याम के व्यवसाय को खरीदने तथा उनकी तरफ से उनके देनदारों से रुपया वसूल करने व उनके लेनदारों को भुगतान करने के लिए सहमत हो गई। राम व श्याम की पुस्तकों में देनदार ₹ 50,000 पर तथा लेनदार ₹ 30,000 पर दिखाये गये थे। कम्पनी ने विक्रेता के लेनदारों से प्राप्त राशि का उपयोग केवल विक्रेता के लेनदारों को भुगतान करने में ही किया। छः माह के अन्त में व्यवसाय विक्रेता के न चुकाये गये लेनदार ₹ 5,500 के पाये गये। लेनदारों ने औसतन 2 प्रतिशत का नकद बट्टा दिया था। देनदारों में से ₹ 800 की राशि डूब गई, कम्पनी द्वारा व्यवसाय विक्रेता के देनदारों को औसतन 5 प्रतिशत नकद बट्टा दिया गया। छः माह के अन्त में व्यवसाय विक्रेताओं के देनदारों का शेष कितना है ?

उपर्युक्त व्यवहारों को दर्ज करने के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

8. A water supply company had to replace a quarter of the water mains and lay an auxiliary main for the remaining length in order to augment supplies of water to a locality. The replacement of old main to total cost of the original main was ₹ 16,00,000; the auxiliary main costed ₹ 18,00,000 and the replacement of old main to new main costed ₹ 7,00,000. It is estimated that cost of laying a main had gone up by 40%. Parts of the old main realised ₹ 30,000. Materials of the old main valued at ₹ 45,000 were used in the reconstruction of new main and this amount was not included in the above mentioned cost of ₹ 7,00,000.

Pass journal entries to record the above transaction.

एक जल पूर्ति कम्पनी को अपनी मुख्य जल-पाइप लाइन के एक-चौथाई भाग को पुनर्स्थापित करना पड़ा तथा बाकी लम्बाई के लिए एक सहायक पाइप लाइन डालनी पड़ी। यह कार्य एक कॉलोनी को पानी की पूर्ति बढ़ाने के लिए करना पड़ा। पुरानी पाइप लाइन की कुल लागत मूल्य ₹ 16,00,000 था; सहायक पाइप लाइन बिछाने का लागत मूल्य ₹ 18,00,000 तथा एक-चौथाई पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर नई पाइप लाइन का लागत मूल्य ₹ 7,00,000 है। यह अनुमान किया जाता है कि पाइप लाइन निर्माण की लागत में 40 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। पुरानी पाइप लाइन के पुर्जे बेचने से ₹ 30,000 प्राप्त हुए तथा ₹ 45,000 की पुरानी सामग्री नयी पाइप लाइन के निर्माण में प्रयुक्त की गई। यह रकम उपर्युक्त वर्णित ₹ 7,00,000 की लागत में सम्मिलित नहीं है।

उपर्युक्त व्यवहारों को दर्ज करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

**Section–C (खण्ड–स)**

9. D Limited is in the hands of a receiver for debenture holders who hold a charge on all assets except uncalled share capital. The following statement shows the position as regards creditors as at 31st March, 2022 :

डी लिमिटेड ऋणपत्रधारियों के लिए एक रिसीवर के हाथों में है, जिनका कि अयाचित अंश पूँजी को छोड़कर समस्त सम्पत्तियों पर प्रभार है। निम्नलिखित विवरण 31 मार्च, 2022 को लेनदारों के सम्बन्ध में स्थिति प्रकट करता है :

**Statement of Affairs**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| 6% First Debentures | 15,00,000 | Cash in hands of the Receiver | 13,50,000 |
| 7% Second Debentures | 30,00,000 | Buildings, Machinery and Plant | |
| Unsecured Creditors | 22,50,000 | at Cost ₹ 19,50,000 estimated | |
| **Share Capital :** | | to produce | 7,50,000 |
| 30,000 Equity Shares of | | Charged under Debentures | 21,00,000 |
| ₹ 60 each, ₹ 30 per share | | Uncalled Capital-30,000 Equity | |
| paid up ₹ 9,00,000 | | Shares @ ₹ 30 each | 9,00,000 |
| | | | 30,00,000 |
| | | Deficiency | 37,50,000 |
| | **67,50,000** | | **67,50,000** |

Shiv holds 6% First Debentures for ₹ 15,00,000 and 7% Second Debentures for ₹ 15,00,000. He is also an unsecured creditor for ₹ 4,50,000.

Mahesh holds 7% Second Debentures for ₹ 15,00,000. He is also an unsecured creditor for ₹ 3,00,000.

The following scheme of reconstruction is proposed and duly approved by the Court on 31st March, 2022 :

(i) Mahesh is to accept ₹ 4,50,000 in cash in full satisfaction of all his claims against the company.

(ii) Shiv is to cancel ₹ 10,50,000 of the total debt owing to him. He is to pay to the company ₹ 1,50,000 in cash and take 7%. First Mortgage Debentures for ₹ 25,50,000 in satisfaction of all his claims.

(iii) Unsecured creditors (other than Shiv and Mahesh) are to accept, for every ₹ 60 of their claims, four equity shares of ₹ 7.50 each fully paid-up and an amount of ₹ 15 in cash. The cash amount ₹ 15 is to be paid in cash at the end of one year from the date of the Court's order.

(iv) The authorised share capital is to be increased accordingly.

(v) Uncalled capital is to be called-up in full and ₹ 52.50 per share is to be cancelled, thus making the equity shares of ₹ 7.50 each.

You are required to :

(a) Prepare the balance sheet of the company after its proposed reconstruction;

(b) Pass the necessary Journal entries; and

(c) Show working notes showing the necessary amounts arrived at by you.

शिव ₹ 15,00,000 के 6 प्रतिशत प्रथम ऋणपत्रों तथा ₹ 15,00,000 के 7 प्रतिशत द्वितीय ऋणपत्रों का धारक है। वह ₹ 4,50,000 के लिए असुरक्षित लेनदार भी है। महेश ₹ 15,00,000 के 7 प्रतिशत द्वितीय ऋणपत्रों का धारक है। वह ₹ 3,00,000 के लिए लेनदार भी है।

निम्न पुनर्निर्माण योजना प्रस्तावित की गई तथा न्यायालय द्वारा 31 मार्च, 2022 को स्वीकृति प्राप्त कर ली गई :

(i) महेश कम्पनी के विरुद्ध अपने समस्त दावों की पूर्ण सन्तुष्टि में ₹ 4,50,000 नकद स्वीकार करेगा।

(ii) शिव अपने कुल ऋण में से ₹ 10,50,000 रद्द कर देगा। वह कम्पनी को ₹ 1,50,000 नकद भुगतान करेगा और अपने समस्त दावों की संतुष्टि में ₹ 25,50,000 के नये 7 प्रतिशत प्रथम ऋणपत्र स्वीकार करेगा।

(iii) असुरक्षित लेनदार (शिव और महेश को छोड़कर) अपने दावों के प्रत्येक ₹ 60 के लिए, ₹ 7.50 वाले पूर्ण प्रदत्त चार इंक्विटी अंश तथा ₹ 15 की राशि नकद स्वीकार करेंगे। ₹ 15 की इस राशि का भुगतान न्यायालय के आदेश की तिथि से एक वर्ष के अन्त में किया जाएगा।

(iv) अधिकृत अंश पूँजी को तदनुसार बढ़ा दिया जाएगा।

(v) अयाचित पूँजी पूर्ण रूप से मँगवाई जाएगी और तब ₹ 52.50 प्रति अंश रद्द कर दिया जाएगा, इस प्रकार प्रत्येक ईक्विटी अंश ₹ 7.50 का रह जाएगा।

आपको तैयार करना है :

(अ) प्रस्तावित पुनर्निर्माण के बाद कम्पनी का चिट्ठा,

(ब) आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ,

(स) कार्यशील टिप्पणियाँ जिनमें आपके द्वारा ज्ञात की गई रकमें दिखाई जाएँ।

10. Describe the provisions of the Companies Act, 2013 regarding the following :

(a) Preparation and Presentation of Final Accounts;

(b) Managerial Remuneration;

निम्नलिखित से सम्बन्धित कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का वर्णन कीजिए—

(अ) अन्तिम खातों की तैयारी एवं प्रस्तुतीकरण;

(ब) प्रबन्धकीय पारिश्रमिक।

11. X Limited went into voluntary liquidation on June 30, 2022. Its liabilities were as under :

30 जून, 2022 को एक्स लिमिटेड ऐच्छिक समापन करती है। इसके दायित्व निम्नलिखित थे–

| | ₹ |
|---|---|
| 6% Debentures with floating charge on the assets except uncalled capital | 2,00,000 |
| Interest due on above debentures for one year | 12,000 |
| Bank Overdraft (with a lien on stock) | 50,000 |
| Trade Creditors | 1,50,000 |
| Loan from a Director to pay wages | 10,000 |
| Provident Fund of Employees | 30,000 |
| E.S.I. Premium for 6 month to June 30, 2022 | 1,000 |
| The Capital consisted of : | |
| 6% Preference Shares of ₹ 100 each fully paid | 1,00,000 |
| Equity Shares of ₹ 100 each, ₹ 90 paid | 1,80,000 |
| Equity Shares of ₹ 100 each, ₹ 50 paid | 1,00,000 |

The assets realised as follows :

| | Stock ₹ | Other Assets ₹ |
|---|---|---|
| On July 15, 2022 | 20,000 | 1,50,000 |
| On August 14, 2022 | 20,000 | 1,40,000 |
| On September 15, 2022 | 40,000 | 1,50,000 |

The liquidator is entitled to 2% on amounts realised from assets and to 25% on the saving which the equity shareholders would have from their maximum legal liability. The debentures holders waived interest after 30th June, 2022. After reserving ₹ 10,000 for expenses (which ultimately amounted to ₹ 8,000 and were paid on September 15, 2022) the liquidator distributed cash among various parties according to their rights, as and when assets were realised.

Prepare liquidator's final statement of account.

समापक को सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि पर 2 प्रतिशत तथा ईक्विटी अंशधारियों की उनकी अधिकतम दायित्व सीमा से बचत पर 25 प्रतिशत पारिश्रमिक पाने का अधिकार है। ऋणपत्रधारकों ने 30 जून, 2022 के पश्चात् के ब्याज का परित्याग कर दिया। समापक ने ₹ 10,000 व्ययों के लिए सुरक्षित (जो अन्ततः ₹ 8,000 ही हुए और जिनका भुगतान 15 सितम्बर, 2022 को किया गया) सम्पत्तियों से प्राप्त राशि को जब वह प्राप्य हुई तब विभिन्न पक्षों को उनके अधिकारों के अनुसार वितरित कर दिया।

समापक का अन्तिम हिसाब का विवरण बनाइए।

12. What is Consolidated Balance Sheet ? Why and how is it prepared ?

एकीकृत चिट्ठा क्या है ? यह क्यों और कैसे तैयार किया जाता है ?

Total No. of Questions : 12 ]

[ Total No. of Printed Pages : 8

# B–356

## B.Com. (Part-III) Examination, 2023

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - II श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

## (Taxation and Auditing)

Time : 3 Hours ]

[ Maximum Marks : 100

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

*Note* :– Answer all *ten* questions (Answer limit 50 words). Each question carries 2 marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

नोट :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा 50 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

*Note* :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit 200 words). Each question carries 8 marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

नोट :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा 200 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

*Note* :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit 500 words). Each question carries 20 marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

नोट :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा 500 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

## Section--A (खण्ड–अ)

1. (i) What was the necessity to introduce Goods and Service Tax in India ?

भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) को लागू करने की आवश्यकता क्यों हुई ?

(ii) What will be the implications in case of receipt of supply from Unregistered Person ?

अपंजीकृत व्यक्ति से आपूर्ति की प्राप्ति की दशा में क्या उलझन होगी ?

(iii) Give any two causes which lead to cancellation of registration under CGST Act, 2017.

कोई ऐसे दो कारण बताइये जिनकी वजह से केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के तहत पंजीकरण रद्द किया जा सकता है ?

(iv) What is time of supply ?

आपूर्ति का समय क्या है ?

(v) What is Input Tax Credit ?

इनपुट कर जमा क्या है ?

(vi) What is a Electronic Cash Ledger under G.S.T. Law ?

जी.एस.टी. कानून के तहत इलेक्ट्रॉनिक रोकड़ बही क्या है ?

(vii) What is the maximum limit of turnover (threshold) for option to pay tax under the composition scheme under Section 10(1) ?

धारा 10(1) की समझौता योजना के तहत कर के भुगतान का विकल्प अपनाने के लिए आवर्त की अधिकतम सीमा क्या है?

(viii) Write any four services Exempt under CGST Act, 2017.

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के तहत कर मुक्त किन्हीं चार सेवाओं का उल्लेख कीजिये।

(ix) Give two objects of Audit.

अंकेक्षण के दो मुख्य उद्देश्य बताइए।

(x) What is Vouching ?

प्रमाणन का क्या आशय है ?

## Section–B (खण्ड–ब)

2. State the circumstances in which supply of goods or services without consideration is liable to tax.

उन परिस्थितियों का उल्लेख कीजिये जिनमें माल या सेवाओं की आपूर्ति बिना प्रतिफल के भी कर के लिये दायी होती है।

3. From the following information you are required to determine whether K.N.R Ltd. incorporated in Rajasthan is liable to be registered under GST Law, if the company has affected the following supplies within the state of Rajasthan during the first-quarter of the financial year 2022-23 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | Intra-state supply of goods which are wholly exempt from GST under Section 11 of CGST Act, 2017 | 9,00,000 |
| (2) | Intra-state supply of goods chargeable with GST @ 12%. | 17,00,000 |
| (3) | Intra-state supply of goods chargeable with NIL Rate | 8,00,000 |
| (4) | Intra-state supply of Petrol and Natural 'Gas not chargeable under GST Law. | 4,50,000 |
| (5) | Supply to its own additional place of business in Rajasthan without consideration. | 5,00,000 |
| (6) | Interest earned on fixed deposit in Nationalized Bank. | 30,000 |

*Additional Information :*

(i) All the above amounts are excluding GST.

(ii) The company commenced its business from 4th April, 2022.

(iii) You are required to provide reasons for treatment of various items given above.

निम्नलिखित सूचनाओं से आपको यह निर्धारित करना है कि क्या राजस्थान में समामेलित K.N.R. लिमिटेड वस्तु एवं सेवाकर कानून के तहत पंजीकरण के लिये दायी है, यदि कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में राजस्थान राज्य के भीतर निम्नलिखित आपूर्तियाँ की हैं–

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम, 2017 की धारा 11 के तहत पूर्णतया कर-मुक्त माल की राज्य के भीतर आपूर्ति | 9,00,000 |
| (2) | वस्तु एवं सेवाकर के तहत 12 प्रतिशत की दर से कर-योग्य माल की राज्य के भीतर आपूर्ति | 17,00,000 |
| (3) | शून्य दर से कर योग्य माल की राज्य के भीतर आपूर्ति | 8,00,000 |
| (4) | पेट्रोल एवं प्राकृतिक गैस, जो वस्तु एवं सेवाकर में कर-योग्य नहीं है, राज्य के भीतर आपूर्ति | 4,50,000 |
| (5) | स्वयं के व्यवसाय के अतिरिक्त स्थान पर बिना प्रतिफल के राजस्थान में आपूर्ति | 5,00,000 |
| (6) | एक राष्ट्रीयकृत बैंक में स्थायी जमा पर अर्जित ब्याज | 30,000 |

अतिरिक्त सूचना :

(i) उपरोक्त सभी राशियों में वस्तु एवं सेवाकर सम्मिलित नहीं है।

(ii) कम्पनी ने अपना व्यवसाय 4 अप्रैल, 2022 से प्रारम्भ किया था।

(iii) ऊपर दी गई विभिन्न मदों के लिए किये गये व्यवहार के लिए कारण भी देने हैं।

4. From the following information calculate the value of taxable supply of XYZ transport company engaged in the business of transport of goods by road for the month of June 2022. Give reasons for taxability or exemption of each item. If rate of GST is 12%, find out the amount of CGST and SGST separately :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Total freight charges received by XYZ transport company | 12,00,000 |
| (ii) | Freight charges received for transporting wheat | 1,00,000 |
| (iii) | Freight charges received for transporting milk | 80,000 |
| (iv) | Freight collected for transporting small consignments from person who paid less than ₹ 750 for each consignment | 50,000 |
| (v) | Freight collected for transporting goods in small vehicles from person who paid less than ₹ 1,500 per trip | 60,000 |
| (vi) | Freight charged for transporting newspaper and magazines not registered with the Registrar of newspapers. | 40,000 |
| (vii) | Freight charged for transporting defence equipments | 30,000 |

सड़क मार्ग द्वारा माल के परिवहन में लगी हुई XYZ परिवहन कम्पनी की माह जून, 2022 के लिए निम्नलिखित सूचनाओं से कर-योग्य आपूर्ति के मूल्य की गणना कीजिये। प्रत्येक मद के कर-योग्य होने या कर-मुक्त होने के कारण दीजिये। यदि GST की दर 12% हो तो केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर एवं राज्य वस्तु एवं सेवा कर की अलग-अलग गणना कीजिये :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | XYZ ट्रांसपोर्ट कम्पनी द्वारा प्राप्त कुल भाड़ा शुल्क | 12,00,000 |
| (ii) | गेहूँ के परिवहन हेतु भाड़ा शुल्क | 1,00,000 |
| (iii) | दूध के परिवहन हेतु भाड़ा शुल्क | 80,000 |
| (iv) | लघु कंसाइनमेंट परिवहन हेतु भाड़ा उस व्यक्ति से इकट्ठा किया गया जो प्रत्येक कंसाइनमेंट के लिए ₹ 750 से कम भाड़ा देता है। | 50,000 |

(v) छोटे वाहनों में वस्तु परिवहन हेतु भाड़ा उस व्यक्ति से इकट्ठा किया गया जो प्रत्येक यात्रा पर ₹ 1,500 से कम भाड़ा देता है। 60,000

(vi) समाचार-पत्र तथा मैगजीन के परिवहन हेतु भाड़ा लिया गया जो समाचार-पत्र के पंजीयक के पास पंजीकृत नहीं था। 40,000

(vii) शस्त्र उपकरण परिवहन हेतु भाड़ा शुल्क 30,000

5. Ram agrees to provide coaching services to a coaching centre from 1st January, 2022 to 30th June, 2022 at a payment of ₹ 20,000 per month. Payment to the Ram for any month of service shall be made by 10th of the succeeding month. Details of issue of invoice, receipts of payments etc., are given in the following table :

राम एक कोचिंग सेन्टर को ₹ 20,000 प्रतिमाह पर 1 जनवरी, 2022 से 30 जून, 2022 तक कोचिंग सेवाएँ देने के लिए सहमत होता है। राम को भुगतान सेवा के माह के अगले माह की 10 तारीख तक किया जायेगा। बीजक जारी करने, भुगतान प्राप्त करने आदि से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है–

| Entry of Provision of Service in Books | Date of Invoice | Due date for Payment as per contract | Receipts of Payment |
|---|---|---|---|
| 31.01.2022 | 03.02.2022 | 10.02.2022 | 15.02.2022 |
| 28.02.2022 | 16.03.2022 | 10.03.2022 | 14.03.2022 |
| 31.03.2022 | 10.04.2022 | 10.04.2022 | 06.04.2022 |

Determine the date of supply, in each case in accordance with the provision of the CGST, Act, 2017.

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक दशा में आपूर्ति के समय का निर्धारित कीजिए।

6. What do you mean by Integrated Goods and Service Tax ? Explain.

एकीकृत वस्तु एवं सेवाकर से आप क्या समझते हैं ? समझाइये।

7. What is an audit programme ? Explain.

अंकेक्षण कार्यक्रम क्या है ? समझाइए।

8. ABC Ltd. engaged in supplying taxable goods has availed the following service in month of May, 2022. Compute the Input Tax credit admissible on such Input services.

| S.No. | Service billed | Input Tax paid (₹) |
|---|---|---|
| (i) | Health care service availed from Marathi-club for unkeep of health of their employees | 4,800 |
| (ii) | ABC, Ltd., hired cab on rent for employees | 7,000 |
| (iii) | Works contract services for construction of office-building | 48,000 |
| (iv) | Repair services for office-building (cost debited to P&L a/c) | 21,000 |
| (v) | Repair services for cars used for non-business purpose | 600 |
| (vi) | Outdoor catering services for dealer meet | 24,000 |

ABC लिमिटेड ने जो कर-योग्य माल की आपूर्ति में लगी हुई है, मई 2022 में निम्नलिखित सेवाएँ प्राप्त की हैं। ऐसी इनपुट सेवाओं पर स्वीकृत इनपुट कर जमा की गणना कीजिए।

| क्र.सं. | सर्विस बिल्ड | इनपुट टेक्स पेड (₹) |
|---|---|---|
| (i) | अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य के रखरखाव के लिए मराठी-क्लब से स्वास्थ्य देखभाल सेवा का लाभ उठाया | 4,800 |
| (ii) | ABC लि. ने कर्मचारियों के लिए किराये पर टैक्सी ली | 7,000 |
| (iii) | ऑफिस भवन के निर्माण हेतु कार्य अनुबंध सेवाएँ | 48,000 |
| (iv) | ऑफिस भवन हेतु मरम्मत कार्य (लागत लाभ-हानि खाते में डाली गयी) | 21,000 |
| (v) | गैर-व्यवसाय उद्देश्य हेतु कार के उपयोग के लिए मरम्मत कार्य | 600 |
| (vi) | डीलर से मिलने हेतु आउटडोर कैटरिंग सेवाएँ | 24,000 |

## Section–C (खण्ड–स)

9. "Two main purpose of an audit are the prevention and detection of errors and frauds." Discuss the statement in reference to importance of auditing.

"अंकेक्षण के दो महत्वपूर्ण उद्देश्य अशुद्धियों एवं छल-कपटों का पता लगाना और उनको रोकना होता है।" इस कथन को ध्यान में रखकर अंकेक्षण का महत्व बताइए।

10. Write a brief note in respect of exempted services on the basic of notification issued under the CGST Act, 2017.

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम, 2017 के तहत जारी अधिसूचना के आधार पर कर-मुक्त सेवाओं के सम्बन्ध में एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

11. Mr. X of Mumbai purchased raw material from Mr. Z of Hyderabad amounting to ₹ 1,18,000 (including 18% IGST) in the month of June, 2022. He also purchased raw material worth ₹ 1,05,000 (inclusive of CGST and SGST @ 5%) from a local dealer. He further purchased raw material worth ₹ 35,000 from another local dealer who has opted for composition scheme. He incurred ₹ 40,000 as expenses and added profit margin @ 12% of cost.

Mr. X sold 40% of finished goods to Mr. Y of Ahmedabad with IGST of 12% payable thereon and 20% of finished goods to Mr. W of Mumbai with CGST and SGST @ 12% thereon.

Compute the Net CGST, SGST and IGST liability and input Tax Credit, if any for the month of June, 2022.

मुम्बई के मि. X ने हैदराबाद के मि. Z से ₹ 1,18,000 (18% IGST सहित) का कच्चा माल माह जून, 2022 में खरीदा। उसने एक स्थानीय व्यापारी से भी ₹ 1,05,000 (5% CGST एवं SGST सहित) का कच्चा माल खरीदा। उसने अन्य स्थानीय व्यापारी से भी जिसने कम्पोजीशन स्कीम का विकल्प अपना रखा है, ₹ 35,000 का कच्चा माल खरीदा। उसने ₹ 40,000 व्यय किये तथा लागत का 12% लाभ के लिये जोड़ा।

मि. X ने निर्मित माल का 40% अहमदाबाद के मि. Y को बेचा जिस पर 12% की दर से IGST देय है तथा निर्मित माल का 20% मुम्बई के मि. W को बेचा जिस पर CGST एवं SGST 12% की दर से देय है।

CGST, SGST एवं IGST का शुद्ध दायित्व तथा इनपुट कर जमा, यदि कोई हो, की गणना जून, 2022 माह के लिए कीजिए।

12. ABC Ltd., is a manufacturing concern in Rajasthan. Its aggregate turnover is worth ₹ 1.20 crore in financial year 2021-22. It has opted for composition scheme for the current financial year. It furnishes you with the following information for financial year 2022-23. It requires you to determine its composition tax liability and total tax liability. The break-up of supplies are estimated to be as follows :

| Particulars | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | Intra state supplies of Goods Z chargeable @ 12% GST | 50,00,000 |
| (2) | Intra state supplies made which are chargeable to GST at NIL rate | 28,00,000 |
| (3) | Intra state supply of service chargeable with 5% GST | 8,00,000 |
| (4) | Interest earned on Fixed deposit with Banks | 6,00,000 |
| (5) | Intra state supplies which are wholly exempted under Section 11 of the CGST Act, 2017 | 4,40,000 |
| (6) | Value of inward supplies on which tax payable under RCM (GST rate 5%) | 7,00,000 |
| (7) | Intra state supplies of Goods Y chargeable @ 5% GST | 8,00,000 |

Also determine composition tax liability if ABC Ltd is a trader.

ABC लिमिटेड राजस्थान में एक निर्माणकर्ता संस्थान है। वित्तीय वर्ष 2021–22 में इसका कुल आवर्त ₹ 1.20 करोड़ है। चालू वित्त वर्ष में इसने कम्पोजिशन योजना को अपनाया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए यह आपको निम्न सूचनाएँ प्रदान करती है। यह आपसे इसके कम्पोजिशन कर दायित्व एवं कुल कर दायित्व का निर्धारण करने का आग्रह करती है। आपूर्तियों का विभाजन निम्न प्रकार होने का अनुमान है–

| विवरण | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | 12% GST की दर से कर योग्य वस्तु Z की राज्य के भीतर आपूर्ति | 50,00,000 |
| (2) | शून्य दर से GST के तहत कर-योग्य वस्तु की राज्य के भीतर आपूर्ति | 28,00,000 |
| (3) | 5% GST की दर से कर-योग्य सेवाओं की राज्य के भीतर आपूर्ति | 8,00,000 |
| (4) | बैंक में आवर्ती जमा पर अर्जित ब्याज | 6,00,000 |
| (5) | CGST अधिनियम, 2017 की धारा 11 के तहत पूर्णतया: कर-मुक्त माल की राज्य के भीतर आपूर्ति | 4,40,000 |
| (6) | RCM (GST दर 5%) के तहत कर-योग्य आवक आपूर्ति का मूल्य | 7,00,000 |
| (7) | 5% GST के तहत की दर में कर-योग्य वस्तु Y की राज्य के भीतर आपूर्ति | 8,00,000 |

यदि ABC लिमिटेड क्रय-विक्रय करने वाला एक व्यापारी हो तो उस दशा में भी कम्पोजिशन कर-दायित्व का निर्धारण कीजिये।

Roll No. : ..........................................

Total No. of Questions : 12 ]

[ Total No. of Printed Pages : 7

# B-359

## B.Com. (Part-III) Examination, 2023

## ECONOMIC ADMINISTRATION AND FINANCIAL MANAGEMENT

Paper - I श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

## (Business Budgeting)

*Time : 3 Hours* ]

[ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

**Section–A**

**(खण्ड–अ)**

1\. (i) State any *two* objectives of Budgeting.

बजटन के कोई दो उद्देश्य बताइए।

(ii) Give *two* differences between Fixed and Flexible Budget.

स्थिर एवं लोचशील बजट में दो अन्तर बताइए।

(iii) Define Master Budget.

मास्टर बजट की परिभाषा दीजिए।

(iv) State four sources of cash receipts that are included in Cash Budget.

रोकड़ प्राप्ति के चार स्रोत जो रोकड़ बजट में सम्मिलित किये जाते हैं, बताइए।

(v) Define Business Forecasting.

व्यावसायिक पूर्वानुमान की परिभाषा दीजिए।

(vi) Give *two* limitations of Budgetary Control.

बजटरी नियंत्रण की दो सीमाएँ बताइए।

(vii) What is 'Zero Base Budgeting' ?

'शून्य आधार बजटन' क्या है ?

(viii) Define Management Information System.

प्रबन्ध सूचना प्रणाली को परिभाषित कीजिए।

(ix) Write the formula of material Price Variance.

सामग्री मूल्य विचरण का सूत्र लिखिए।



(x) What is Risk Adjusted Rate of Discount ?

जोखिम समायोजित बट्टा दर क्या है ?

**Section–B**

**(खण्ड–ब)**

2\. Define 'Budget' and 'Budgeting'. Explain the objectives of a Budget.

'बजट' एवं 'बजटन' की परिभाषा दीजिए। बजट के उद्देश्यों की विवेचना कीजिए।

3\. With the following data for 60 percent activity, prepare a flexible budget for production at 80 percent and 100 percent activity :

60% क्रियाशीलता के लिए निम्न विवरण से 80% तथा 100% क्रियाशीलता पर उत्पादन हेतु एक लोचशील बजट बनाइये :

| | |
|---|---|
| Production at 60% activity | 600 Units |
| Material | ₹ 100 per Unit |
| Labour | ₹ 40 per Unit |
| Expenses | ₹ 10 per Unit |
| Factory Expenses | ₹ 40,000 (40% Fixed) |
| Administration Expenses | ₹ 30,000 (60% Fixed) |

4\. If the demand of X in Chennai is 50. Calculate estimated demand at Jaipur from the following information :

यदि चेन्नई में X की माँग 50 है, तो निम्नलिखित सूचना से जयपुर में अनुमानित माँग की गणना कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| Average Demand at Chennai ($\bar{X}$) | = | 60 |
| Average Demand at Jaipur ($\bar{Y}$) | = | 62 |
| Standard Deviation of Chennai ($\sigma_X$) | = | 3 |
| Standard Deviation of Jaipur ($\sigma_Y$) | = | 2.5 |
| Correlation Co-efficient | = | 0.6 |

5. What do you mean by 'Budgetary Control' ? List the advantages of a good budgetary control system to an organisation.

बजट नियंत्रण से आप क्या समझते हैं ? एक संस्था में अच्छी बजट नियंत्रण प्रणाली के लाभों को बताइए।

6. From the following data related to a manufacturing concern. Calculate material Cost, Price and Usage Variance :

एक निर्माणी संस्था से सम्बन्धित निम्नलिखित संमकों से सामग्री लागत, मूल्य तथा उपयोग विचरणों की गणना कीजिए :

| | |
|---|---|
| **Standard :** | |
| Material for 70 kg of finished products | 100 kg |
| Price of Material | ₹ 1 per kg |
| **Actual :** | |
| Output | 2,10,000 kg |
| Material used | 2,80,000 kg |
| Cost of Materials | ₹ 2,52,000 |



7. How does Performance Budget differ from Traditional Budget ?

निष्पादन बजट, परम्परागत बजट से किस प्रकार भिन्न है ?

8. What is 'Risk Adjusted Discount Rate Method' ? Explain its merits and demerits.

'जोखिम समायोजित बट्टा दर विधि' क्या है ? इसके गुण-दोषों को समझाइए।

## Section–C

## (खण्ड–स)

9. From the following information, prepare a master budget for next year of Tarun Industries Ltd :

निम्न सूचनाओं के आधार पर तरुण इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के लिए अगले वर्ष का मास्टर बजट बनाइए :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Sales | ₹ 8,00,000 |
| (ii) | Direct Material Costs | 60% of Sales |
| (iii) | Direct Wages | 20 workers @ ₹ 150 per month |
| (iv) | **Factory Overheads :** | |
| | *Indirect Labour* : | |
| | (a) Works Manager | ₹ 500 per month |
| | (b) Foreman | ₹ 400 per month |
| (v) | Stores and Spares | 2.5% on Sales |
| (vi) | Depreciation on Machine | ₹ 12,600 |
| (vii) | Light and Power | ₹ 5,000 |
| (viii) | Repairs etc. | ₹ 8,000 |
| (ix) | Other Sundry Expenses | 10% on Direct Wages |
| (x) | Administrative, Selling and Distribution Exp. | ₹ 14,000 |

10. A company is expecting to have ₹ 25,000 cash in hand on 1st April, 2018 and it requires you to prepare an estimate of cash position during the three months, April to June 2018. The following information is supplied to you. Prepare Cash Budget :

एक कम्पनी 1 अप्रैल, 2018 को ₹ 25,000 रोकड़ हस्त होने की अपेक्षा करती है और आपसे अप्रैल से जून, 2018 के तीन माह की रोकड़ स्थिति का अनुमान तैयार करवाना चाहती है। आपको रोकड़ बजट तैयार करने के लिए निम्न सूचना दी जाती है :

| Months | Sales (₹) | Purchases (₹) | Wages (₹) | Expenses (₹) |
|---|---|---|---|---|
| February | 70,000 | 40,000 | 8,000 | 6,000 |
| March | 80,000 | 50,000 | 8,000 | 7,000 |
| April | 92,000 | 52,000 | 9,000 | 7,000 |
| May | 1,00,000 | 60,000 | 10,000 | 8,000 |
| June | 1,20,000 | 55,000 | 12,000 | 9,000 |

**Other Information :**

(i) Period of credit allowed by suppliers two months.

(ii) 25% of sale is for cash and the period of credit allowed to customers for credit sale one month.

(iii) Delay in payment of wages and expenses one month.

(iv) Income Tax ₹ 25,000 is to be paid in June, 2018.



**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(i) पूर्तिकर्ताओं द्वारा स्वीकृत उधार अवधि दो माह

(ii) 25% बिक्री नकद में होती है तथा उधार बिक्री के लिए ग्राहकों को स्वीकृत उधार अवधि एक माह है

(iii) मजदूरी एवं व्ययों के भुगतान में एक माह विलम्ब होता है

(iv) ₹ 25,000 आयकर जून, 2018 में चुकाया गया है।

11. Explain various techniques of Business Forecasting.

व्यावसायिक पूर्वानुमान की विभिन्न विधियों की विवेचना कीजिए।

12. Write short notes on the following :

(a) Difference between Budgetary Control and Standard Costing

(b) Financial Reports and Management Reports

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) बजटरी नियंत्रण एवं प्रमाप लागत लेखाकंन में अन्तर

(ब) वित्तीय प्रतिवेदन एवं प्रबन्ध प्रतिवेदन

# B–360

## B.Com. (Part–III) Examination, 2023

## ECONOMIC ADMINISTRATION AND FINANCIAL MANAGEMENT

Paper – II श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

## (International Trade)

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note :–*** Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

नोट :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note :–*** Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

नोट :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note :–*** Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

नोट :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

### (खण्ड–अ)

1. (i) What is Documentary Credit ?

प्रलेखीय साख क्या है ?

(ii) Write any *two* instruments of International Payments.

अन्तर्राष्ट्रीय भुगतानों के कोई **दो** उपकरणों को लिखिए।

(iii) What do you mean by Uruguay Round ?

उरूग्वे चक्र से आपका क्या आशय है ?

(iv) Why are Trade Related Intellectual Property Rights called 'Industrial Estate Rights' ?

व्यापार सम्बन्धी बौद्धिक सम्पदा अधिकारों को 'औद्योगिक सम्पदा अधिकार' क्यों कहा जाता है ?

(v) Describe any *two* causes of disequilibrium in Balance of Payments.

भुगतान शेषों में असंतुलन के कोई **दो** कारणों को बताइए।

(vi) What is the main function of ECGC ?

ई.सी.जी.सी. का प्रमुख कार्य क्या है ?

(vii) Define Free-Trade.

मुक्त-व्यापार को परिभाषित कीजिए।

(viii) What do you understand by Foreign Direct Investment ?

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से आप क्या समझते हैं ?

(ix) Explain Foreign Exchange.

विदेशी विनिमय को समझाइए।

(x) What is FEMA ?

फेमा क्या है ?



## Section–B

### (खण्ड–ब)

2. Give differences between International Trade and Inter-Regional Trade.

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार एवं अन्तर्क्षेत्रीय व्यापार में अन्तर बताइए।

3. What is World Trade Organisation ? Explain its functions.

विश्व व्यापार संगठन क्या है ? इसके कार्यों की विवेचना कीजिए। 2+6

4. Write a short note on 'General Agreement on Tariffs and Trade'.

'प्रशुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौता' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

5. Distinguish between Balance of Trade and Balance of Payment.

व्यापार संतुलन एवं भुगतान संतुलन में अन्तर कीजिए।

6. What are the main objectives of UNCTAD ?

अंकटाड के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ?

7. Describe the future prospective of India's Foreign Aid.

भारत की विदेशी सहायता की भावी संभावनाओं का वर्णन कीजिए।

8. How foreign exchange rate is determined under the balance of payment theory ?

भुगतान संतुलन सिद्धान्त के अन्तर्गत विदेशी विनिमय दर कैसे निर्धारित होती है ?

## Section–C

### (खण्ड–स)

9. Discuss the importance of International Trade in the economic development of a underdeveloped country.

एक अल्पविकसित देश के आर्थिक विकास में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के महत्व की विवेचना कीजिए।

10. Describe the organisation and functions of EXIM Bank of India.

भारत के एक्जिम बैंक के संगठन एवं कार्यों का वर्णन कीजिए।

11. What is the need of Foreign-Aid in a developing Country ? Explain it.

एक विकासशील देश में विदेशी सहायता की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? इसे समझाइए।

12. Define Exchange Control. Discuss the objectives of Exchange Control.

विनिमय नियंत्रण को परिभाषित कीजिए। विनिमय नियंत्रण के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

Total No. of Questions : **12** ]

[ Total No. of Printed Pages : **4**

# B-357

## B.Com. (Part-III) Examination, 2023

## BUSINESS MANAGEMENT

### Paper - I

श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

### (Insurance)

*Time : 3 Hours* ]

[ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

*Note* :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

*Note* :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

*Note* :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

## (खण्ड–अ)

1. (i) What is an Insurance Policy ?

   बीमा पत्र क्या है ?

   (ii) State any *two* purposes of insurance ?

   बीमा के कोई दो उद्देश्य लिखिये।

   (iii) What is meant by 'Risk' ?

   'जोखिम' से क्या आशय है ?

   (iv) What is the principle of Indemnity ?

   क्षतिपूर्ति का सिद्धान्त क्या है ?

   (v) What do you mean by reinsurance ?

   पुनर्बीमा से आप क्या समझते है ?

   (vi) What is group insurance ?

   समूह बीमा क्या है ?

   (vii) Define Contract of Insurance.

   बीमा अनुबन्ध की परिभाषा दीजिए।

   (viii) What is meant by Marine Risk ?

   समुद्री जोखिम से क्या आशय है ?

   (ix) Who can become Insurance Agent ?

   बीमा एजेन्ट कौन बन सकता है ?

   (x) Define Crop Insurance.

   फसल बीमा का अर्थ बताइये।



## Section–B

## (खण्ड–ब)

2. "Neither all risks are insurable, nor insurance is the sole means of dealing with all risks." Explain this statements and describe the functions of insurance.

   "न तो सभी जोखिमें बीमायोग्य होती हैं और न ही बीमा सभी जोखिमों के समाधान का एकमात्र साधन है।" इस कथन को समझाइये एवं बीमा के कार्यों का वर्णन कीजिए।

3. Define Economic Development. Explain the importance of insurance in the economic development of India ?

   आर्थिक विकास से आप क्या समझते हैं ? भारत के आर्थिक विकास में बीमा की भूमिका को समझाइये।

4. Explain the difference between nomination and assignment of Policy.

   बीमापत्र (पॉलिसी) के नामांकन एवं हस्तांकन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

5. What is Premium ? Explain various factors affecting the calculation of Premium.

   प्रीमीयम क्या है ? प्रीमीयम की गणना को प्रभावित करने वाले विभिन्न घटकों को समझाइये।

6. What is whole life policy ? Describe its advantages.

   आजीवन बीमापत्र क्या है ? इसके लाभों का वर्णन कीजिए।

7. Define fire Insurance Contract. Describe various steps in the fire insurance claim settlement process.

   अग्नि बीमा अनुबंध का अर्थ बताइये। अग्नि बीमा दावा निपटारा प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए।

8. Describe the various functions of insurance agent.

   बीमा एजेन्ट के विभिन्न कार्यों का वर्णन कीजिए।

## Section–C

## (खण्ड–स)

9. "An Insurance contract is a contract of Good Faith." Discuss the statement. What are the consequences of non-observance of this principle in a contract of Insurance. State the circumstances in which this principle does not apply ?

   "बीमा अनुबन्ध सद्‌विश्वास का अनुबन्ध है।' इस कथन की व्याख्या कीजिए। बीमा अनुबन्ध में इस सिद्धान्त का पालन न करने के क्या परिणाम होते हैं ? उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनमें यह सिद्धान्त लागू नहीं होता है।

10. What is Life Insurance ? Describe the procedure of effecting life insurance policy.

जीवन बीमा क्या है ? जीवन बीमा करवाने की विधि का वर्णन कीजिए।

11. State the main features of endowment policies. Describe endowment policies available in India?

बन्दोबस्ती बीमापत्रों की विशेषताएँ बताइये। भारत में उपलब्ध बन्दोबस्ती बीमापत्रों का वर्णन कीजिए।

12. Write notes on (any *two*) :

(a) Burglary Insurance

(b) Live-stock Insurance Scheme

(c) Privatisation of Life-Insurance in India.

टिप्पणियाँ लिखिए (किन्हीं **दो** पर) :

(अ) सैधमारी या चोरी बीमा

(ब) पशुधन बीमा योजना

(स) भारत में जीवन बीमा का निजीकरण